फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

गंगा सहाय बनाम सहायक कलक्टर जयपुर द्वितीय व अन्य

केस संख्या 105/2021 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
15.07.2021	दरख्वास्तगुजार ने सहायक कलक्टर जयपुर द्वितीय के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 56/2021 मय स्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र संख्या 48/2021 ब उनवानी गंगा सहाय बनाम श्रीमती नारायणी देवी व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर जयपुर द्वितीय से बिन्दूवार टिप्पणी तलब हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। नोटिस विपक्षीगण के रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 05.08.2021 को पेश हो। जिला कलक्टर जयपुर	
5-8-21	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर जयपुर द्वितीय के पीठासीन अधिकारी श्री विष्णु कुमार गोयल का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अप्रार्थी अधिवक्ता इस कथन से सहमत है। उभय प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । सहायक कलक्टर जयपुर द्वितीय के पीठासीन अधिकारी श्री विष्णु कुमार गोयल का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 5/8/21 (अन्तर सिंह नेहरा)	